तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 31 जुलाई 2024



11 नीरज को मधुर साहित्य पत्रकारिता गौरव व ...





10 महंगी बिजली के विरोध में स्टील उद्योगों में तालाबंदी...







श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग

हुडको, भिलाई (छ.ग.)

(2005 से संचालित)

नर्सिंग

B.Sc.(N)

M.Sc.(N) | P.B.B.Sc.(N)

7489713804, 9926129192

For Online Admission

Visit : www.sscnbhilai.com


## खबर संक्षेप

### नेशनल हाईवे पर गिरा पेड़, आवागमन बाधित



**गुरूर।** ग्राम चिटौद से होकर गुजरने वाले नेशलन हाईवे 30 मुख्य सड़क पर पेड़ अचानक गिर गया, जिससे आवागमन घंटों बाधित रहा। गुरुर से धमतरी जाने वाले मुख्य मार्ग नेशनल हाईवे 30 पर ग्राम चिटौद के पास पेड़ गिर जाने से सड़क के दोनों तरफ गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। हालांकि, छोटे वाहन चालक सड़क के किनारे से होकर निकलते रहे, लेकिन एक किनारा ही खुला होने से वाहन चालकों को लंबा इंतजार करना पड़ा।

### दर्रा स्कूल में विदाई व सम्मान समारोह आज

**गुरूर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दर्रा में प्राचार्य बीआर ठाकुर के सेवानिवृत्त होने पर विदाई सम्मान समारोह का आयोजन 31 जुलाई को रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दर्रा बीआर ठाकुर होंगे। अध्यक्षता सहायक जिला परिषद अधिकारी बालोद डीपी कोसरे करेंगे। विशेष अतिथि भूतपूर्व अध्यक्ष शाला विकास समिति विश्वनाथ साहू, प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छेड़िया केडी. पुरईन, ग्राम पटेल नरबदा प्यारे लाल साहू, सेवा निवृत्त प्रधान पाठक फागुंदाह पीआर साहू होंगे।

### नाहंदा में जनसमस्या निवारण शिविर 10 को

**बालोद।** डौण्डीलोहरा विकासखण्ड के ग्राम नाहंदा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन शनिवार 10 अगस्त को सुबह 10.30 बजे से शाम 05 बजे तक किया जाएगा। पूर्व में इसकी तिथि गुरूवार 8 अगस्त निर्धारित की गई थी, जिसे संशोधित कर शनिवार 10 अगस्त को कर दी गई है।

### डौंडीलोहारा विस्तारित मंडल कार्यसमिति की बैठक आज

**डौंडीलोहारा।** भाजपा मंडल डौंडीलोहारा की विस्तारित मंडल कार्य समिति की बैठक 31 जुलाई को सुबह 12 बजे से नगर के मंडी परिसर में रखी गई है। मंडल अध्यक्ष रूपेश सिन्हा ने बताया कि 31 जुलाई को सुबह 12 बजे से पंजीयन आरंभ होगा। पंजीयन उपरांत संगठन द्वारा निर्धारित श्रेणीबद्ध कार्यक्रम सम्पन्न किया जाएगा। आयोजित विस्तारित कार्य समिति में प्रमुख रूप से डौंडीलोहारा मंडल में निवासरत प्रदेश भाजपा पदाधिकारी एवं कार्य समिति सदस्य, प्रदेश मोर्चा पदाधिकारी एवं कार्य समिति सदस्य, जिला कार्य समिति, जिले के मोर्चा पदाधिकारी, मंडल के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, मंडल कार्यसमिति, जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष एवं सदस्य, नगर पंचायत पार्षदगण, बूथ के अध्यक्ष, सचिव, बीएलए 2, युवा प्रभारी, महिला प्रभारी, भाजपा समर्थित समस्त सरपंच तथा शक्ति केन्द्र प्रभारी, संयोजक तथा सह संयोजकों से शामिल होने की अपील की गई है। पूर्व में यह कार्यक्रम पुराने जनपद पंचायत कार्यालय परिसर में आयोजित की गई थी, बाद में स्थान बदलकर मंडी परिसर में आयोजित किया जा रहा है।

**अनदेखी**

# 22 साल पुराना विद्यालय भवन जर्जर, दांव पर लगी 145 बच्चों और शिक्षकों की जिंदगी

### ग्राम कमकापार के ग्रामीणों ने कलेक्टर से की भेंट, कहा बंद कर दें स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

स्कूली बच्चों को खतरों के बीच पढ़ाई करते देखकर ग्रामीणों ने स्कूल की छत पर तीरपाल लगा दिया है, ताकि जर्जर छत में पानी न पड़े और छत का मलबा नीचे न गिरे। लेकिन, ग्रामीणों द्वारा की गई वैकल्पिक व्यवस्था आखिर कब तक चलेगी, यह एक बड़ा सवाल शासन प्रशासन के सामने खड़ा है।

दरअसल जिले में शिक्षा व्यवस्था को सुधारने व स्कूलों की साफ सफाई तथा मरम्मत कार्य को लेकर प्रशासन सिर्फ दावा



ही करते रह गए और उन दावों में कितनी सच्चाई है और जमीनी हकीकत क्या है, उसका खुलासा मानसून के दिनों में होता है। मंगलवार को डौंडीलोहारा विकासखंड के ग्राम कमकापार के दर्जनों ग्रामीण कलेक्टोरेट पहुंचे। उन्होंने जनदर्शन में अपनी समस्या बताई और तस्वीरें भी दिखाईं। ग्रामीणों ने बताया कि जर्जर स्कूल की छत पर तीरपाल लगाकर गांव के बच्चों को पढ़ाई करने भेज रहे हैं, जबकि ग्रामीणों को भी पता है कि स्कूल जर्जर हालत में है और बारिश का पानी छत से सीपेज होकर नीचे कक्षा में गिरता है। यही नहीं स्कूल की छत का प्लास्टर कभी भी भरभराकर नीचे गिर जाता है। उसके बाद भी बच्चे खतरों के बीच शिक्षा ग्रहण करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन अगर उस जर्जर स्कूल का मरम्मत नहीं कराता है, तो अस्थाई रूप से स्कूल को बंद कर दें, क्योंकि हमारे बच्चों की जान को और ज्यादा संकट में नहीं डाल सकते। ऐसे जर्जर स्कूल भवन में हमेशा उनकी जान को खतरा रहता है।

## पानी पड़ने से छत से रिसाव न हो और मलबा न गिरे, इसलिए लगा दिया तिरपाल



### इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खराब, करेंट का खतरा

ग्रामीणों ने बताया कि छत की जर्जर हालत की वजह से बारिश का पानी सीपेज होकर नीचे कक्षाओं में गिरता है। दीवारों में सीपेज होने के कारण लाइट, पंखा व कम्प्यूटर भी खराब हो गया है। ग्रामीणों ने कहा कि ऐसी ही स्थिति रही तो स्कूली बच्चे भी करेंट की चपेट में आ सकते हैं।

### डर के कारण कई ग्रामीणों ने बच्चों को स्कूल से निकाला



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कमकापार का भवन करीब 22 साल पुराना है, जो वर्तमान में काफी जर्जर हालत में है। ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल में चार कमरे हैं, जहां कक्षा 9वीं से 12वीं तक के 145 बच्चे पढ़ते हैं। स्कूल में बच्चों की संख्या इससे अधिक थी, लेकिन जर्जर स्थिति को देखते हुए कई पालकों ने अपने बच्चों को दूसरे स्कूलों में भेज दिया। इसके कारण यहां की दर्ज संख्या कम हो गई है। ग्रामीणों ने कहा कि स्कूल भवन काफी जर्जर हो चुका है और उसकी छत तो और भी ज्यादा खतरनाक हो गई है। बारिश के कारण मलबा कभी भी गिर सकता है। इसके कारण यहां पढ़ने वाले बच्चे डर के साए में पढ़ाई कर रहे हैं। ग्रामीणों के सहयोग से वर्तमान में स्कूल की छत के पर तिरपार लगाया गया है, लेकिन इस तरह की वैकल्पिक व्यवस्था कब तक करेंगे। ग्रामीणों ने कहा कि स्कूल की हालत को देखते हुए उसे बंद करना ही सही है।

## मटिया शाला भवन में रिसता है पानी, गिरने लगा प्लास्टर



**बालोद।** जिले की ग्राम पंचायत मटिया स्थित प्राथमिक शाला भवन जर्जर होने के कारण उसमें सीपेज की समस्या बनी हुई है। पूर्व माध्यमिक शाला और प्राथमिक स्कूल के बच्चों के लिए खाना बनाने के काम आने वाली रसोई भी पूरी तरह से जर्जर हो गई है। इसके कारण खाना बनाने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्राम मटिया स्थित पूर्व माध्यमिक शाला और प्राथमिक स्कूल में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसके कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने लगी है। मिली जानकारी के अनुसार प्राथमिक शाला में पहली से लेकर पाँचवी कक्षा तक कुल 56 बच्चे अध्ययनरत हैं, जो जर्जर स्कूल में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। यहाँ बारिश होने पर सीपेज होने लगता है तथा भवन जर्जर होने के कारण प्लास्टर भी उखड़ कर गिरने लगा है। इसके कारण स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की सुरक्षा को लेकर परिजन चिंतित हैं। ग्रामीणों ने नवीन स्कूल भवन बनाने की मांग की है। प्राथमिक शाला के स्कूल प्रांगण में कुछ साल पहले ही अहाता निर्माण किया गया था, लेकिन संबंधित एजेंसी द्वारा आधा अधूरा निर्माण कर बिना प्लास्टर किये और बिना कॉलम के लाल ईंट की जोड़ाई कर छोड़ दिया गया है, जो अधर में होने के कारण हिल रहा है। यह दीवार कभी भी धराशाई हो सकती है। इसलिए ग्रामीण आहता निर्माण को पूर्ण करने की मांग कर रहे हैं, ताकि बच्चों को दुर्घटना से बचाया जा सके।

■ ग्रामीणों ने कलेक्टर जनदर्शन में बताई समस्या

मिडिल स्कूल में छठवीं से आठवीं तक लगभग 50 बच्चे अध्ययनरत है, जहाँ पर खाना बनाने के लिए पर्याप्त भवन नहीं है। जो भवन है वह पूरी तरह से जर्जर है। इसलिए ग्रामीण दोनों स्कूल में नवीन किचन भवन व स्कूल भवन बनाने के साथ ही आहता को पूर्ण करने के लिए जनदर्शन के माध्यम से क्लेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। शाला विकास समिति अध्यक्ष राजेश कुमार साहू ने बताया कि प्राथमिक शाला भवन जर्जर है। छत से पानी सीपेज हो रहा है। वहीं, पूर्व में जो आहता निर्माण किया गया था, वह आधा अधूरा पड़ा हुआ है। दीवार कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकता है। इसलिए उसका निर्माण कार्य पूर्ण किया जाए और प्राथमिक स्कूल और मिडिल स्कूल के लिए उचित रसाई घर का निर्माण किया जाए, क्योंकि वर्तमान स्थित रसोई घर पूरी तरह से जर्जर हो चुका है।





## कभी भी गिर सकता है बिरेतरा स्कूल का भवन, शिक्षक भी कम



*__बालोद।__ करोड़ों खर्च करने के बाद भी जिस तरह जिले के कई स्कूल आज भी जर्जर भवनों में संचालित हो रहे हैं, वहीं दूसरी ओर शिक्षकों की कमी भी बड़ी समस्या बनी हुई है। इसी समस्या से परेशान ग्राम बिरेतरा के ग्रामीणों ने कलेक्टर से मुलाकात की। स्कूल की समस्याओं व शिक्षक की कमी को दूर करने की मांग को लेकर जनदर्शन पहुंचे ग्रामीणों ने कलेक्टर को आवेदन सौंपा है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम बिरेतरा के शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक स्कूल का भवन कई सालों से जर्जर हालत में है, जो कभी भी भरभराकर गिर सकता है। ऐसे में स्कूली बच्चों की जान को खतरा बना हुआ है। वहीं, कृषि विभाग व स्वास्थ्य विभाग का भवन भी जर्जर हालत में है, जो कभी भी भरभराकर गिर सकता है। ग्रामीणों ने इसके स्थान पर नया भवन बनवाने की मांग की। वहीं, ग्रामीणों ने बताया कि गांव के हायर सेकंडरी स्कूल में भौतिक शास्त्र, सामाजिक विज्ञान, हिंदी तथा संस्कृत विषय के शिक्षक नहीं होने से स्कूली बच्चों को पढ़ाई करने में काफी दिक्कतों का सामान करना*

■ नया भवन बनवाने और शिक्षकों की कमी दूर करने की मांग की




▶▶| शेष पेज 11 पर


## युकां पदाधिकारियों के बीच बढ़ा विवाद, थाने में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों में आपसी गुटबाजी और मनमुटाव अब खुलकर सामने आने लगा है। शहर के बस स्टैंड में स्थित एक होटल के सामने यूथ कांग्रेस के दो पदाधिकारियों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि स्थिति मारपीट तक आ गई। इसके बाद जिला महासचिव देवेंद्र साहू को पद मुक्त कर दिया गया।

दरअसल यूथ कांग्रेस के प्रशासनिक महामंत्री आदित्य दुबे व जिला महासचिव देवेंद्र साहू के बीच पार्टी में वर्चस्व को लेकर काफी लंबे समय से विवाद चल रहा था, जो मारपीट तक पहुंच गया। मारपीट की घटना के बाद अब विवाद खत्म होने के बजाए और बढ़ गया है। आदित्य दुबे ने कोतवाली थाना में देवेंद्र साहू के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत की है।

■ जिलाध्यक्ष ने जिला महासचिव देवेंद्र को किया पदमुक्त



भारतीय युवा कांग्रेस

प्रति,

देवेंद्र साहू

निष्कासन आदेश

जिला अध्यक्ष

वहीं, देवेंद्र साहू भी आदित्य दुबे के खिलाफ मारपीट की शिकायत करने की बात कह रहे हैं। इस पूरे मामले में यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ने देवेंद्र साहू को जिला महासचिव के पद से हटा दिया है, जबकि देवेंद्र साहू ने कहा कि वह पहले से ही इस्तीफा देकर पद पर नहीं रहने की जानकारी यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष को दे दी थी। प्रदेश में कांग्रेस की सत्ता जाते ही जिले के यूथ कांग्रेस में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों में पूछपरख को लेकर लगातार गुटबाजी और विवाद की स्थिति सामने आ रही है।



## दुकान में घुसा अनियंत्रित ट्रक डेढ़ घंटे फंसा रहा घायल चालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर में मुख्य मार्ग पर मंगलवार को दोपहर साढ़े तीन बजे अंग्रेजी शराब दुकान के पास एक मालवाहक 12 चक्का ट्रक अनियंत्रित होकर विपरीत दिशा में स्थित एक ऑटो रिपेयर दुकान में घुस गया।

सूचना मिलते ही नगर की पुलिस टीम घटना स्थल पर पहुंची। टीम ने ट्रक के अंदर फंसे ड्राइवर को लगभग डेढ़ घण्टे की कड़ी मशक्कत के बाद नगरवासियों की मदद से सकुशल निकाला। ड्राइवर के सिर, हाथ व पैर में चोट लगी है। ट्रक से निकलने के बाद ड्राइवर स्वयं चलकर वाहन में बैठा, जिसे पुलिस ने नगर के शासकीय अस्पताल पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज राजनांदगांव के लिए रिफर किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ट्रक ड्राइवर संतोष यादव 37 वर्ष ग्राम करमतरा निवासी है, जो राजनांदगांव से माल खाली कर वापस दल्लीराजहरा की ओर जा रहा था। इस बीच नगर में घुसते ही अरोरा पेट्रोल पंप व अंग्रेजी शराब दुकान के पास स्थित एक ऑटो रिपेयर दुकान में घुस गया।

■ मंगलवार दोपहर नगर के मुख्यमार्ग पर हुई दुर्घटना

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दुकान का बीम टूटकर ट्रक पर गिरकर ट्रक के अंदर स्टेयरिंग पर जा घुसा, जिससे ड्राइवर बैठे-बैठे ही बुरी तरह से फंस गया। पुलिस की टीम ने लोगों की मदद से जेसीबी के माध्यम से बीम को व स्टेयरिंग को हटाकर उसे बाहर निकाला। उस समय दुकान कोई नहीं था, अन्यथा बड़ी घटना हो सकती थी। ऑटो रिपेयर की दुकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। ट्रक विपरीत दिशा में कैसे घुसी इसके कारणों का पता नहीं चल पाया है।

## बाजार में पहुंचा फुटू, 600 रुपए किलो में भी हाथों-हाथ ले रहे ग्राहक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में मौसमी सब्जियों का दाम आसमान पर हैं, लेकिन मांग भी कम नहीं हो रही है। वहीं मौसमी सब्जियों की खरीदी के लिए लोग वनाचल क्षेत्रों की ओर रुख कर रहे हैं।

बरसात के मौसम के साथ ही किसानों द्वारा नई फसलों की खेती करने के लिए पुराने फसलों को चौपट कर दिया जाता है। इसके कारण बाजारों में विभिन्न किस्म की सब्जियों की कमी देखी जाती है। हालांकि मौसमी सब्जियों का बाजारों में आना प्रारम्भ हो गया है, लेकिन मांग अधिक होने एवं आवक कम होने से पूर्ति कर पाना सब्जी विक्रेताओं के लिए मुमकिन नहीं है, इसलिए मौसमी सब्जियों के दाम आसमान पर हैं। मिली जानकारी के अनुसार मौसमी सब्जी खेक्सी 300–350 रूपये प्रति किलो में बाजार में बिक रहा है। वहीं, जंगल और खेतों से प्राप्त होने वाले फूटू का इंतजार भी ख़त्म हुआ, जो हाथों हाथ 600 रूपये किलो तक बिक रहा है। इसके कारण मौसमी सब्जी फुटु बाजारों तक नहीं पहुंच पा रहा है।



### 40 रुपए किलो बिक रहा टमाटर

वहीं, कुछ सब्जियों के दाम में गिरावट नजर आ रही है, तो कुछ सब्जियों के दाम अभी भी बहुत ज्यादा है। टमाटर 40 रूपये प्रति किलो, भिंडी 60 रूपये प्रति किलो, बरबटी 60 रूपये प्रति किलो, करेला 80 रूपये प्रति किलो, मुनगा 120 किलो, फूल गोभी 100 से 120 रूपये किलो, पत्ता गोभी 60 रूपये, सेमी 120 किलो वहीं हरा मिर्च 80 किलो, पत्ती धनिया 150 रूपये प्रति किलो तथा अदरक 160 रूपये किलो में बिक रहा है।


## पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### ईडब्लूएस छत्तीसगढ़ परिवार संघ का गठन प्रीतम बने प्रदेश अध्यक्ष

**रायपुर।** राजधानी में नगरीय निकाय ईडब्लूएस छत्तीसगढ़ परिवार संघ का गठन किया गया। इस संगठन में प्रधानमंत्री आवास एवं ईडब्लूएस आवास में रहने वाले परिवार के लोगों ने पदाधिकारियों का चुनाव किया। इस मौके पर प्रदेश के सभी शहरों से प्रतिनिधि दलदल सिवनी स्थित प्रधानमंत्री आवासीय परिसर फेज 2 के सामुदायिक भवन में जुटे। चुनाव में प्रदेश अध्यक्ष के रूप में प्रीतम महानंद और कार्यकारी अध्यक्ष सूरज यादव, उपाध्यक्ष अशोक गेंदले, अनुपम इंगले, कोषाध्यक्ष अजीम अली निर्वाचित हुए।

### हरे माधव दरबार में मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व



**रायपुर।** महावीर नगर स्थित हरे माधव दरबार साहिब में गुरु पुर्णिमा का पावन पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सतगुरु बाबा ईश्वरशाह साहिब के कटनी से पधारे सेवादारों ने हरे माधव सत्संग किया। हरे माधव दरबार साहिब के 1 वर्ष पूरा होने पर माधव बाल संस्कार व वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम आयोजित हुआ।

### खेलकूद परिसर, छात्रावास निर्माण में लापरवाही प्रभारी उपायुक्त निलंबित

**रायपुर।** वनवासी विकास समिति के लिए 15 करोड़ 23 लाख रुपए की लागत से निर्माणाधीन छात्रावास, खेलकूद परिसर में गंभीर लापरवाही बरतने के आरोप में प्रभारी उपायुक्त संदीप साहू को निलंबित किया गया है। श्री साहू का निलंबन आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी के निर्देश पर किया गया। उनके खिलाफ बगैर प्रशासकीय तथा तकनीकी स्वीकृति के निर्माण कार्य कराने के आरोप हैं।



### मिनीमाता स्मृति दिवस 11 अगस्त को, तैयारी को लेकर समाज की बैठक



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद व सतनामी समाज की गुरुमाता स्व. मिनीमाता की 52वीं पुण्यतिथि पर राजधानी में 11 अगस्त को स्मृति दिवस और प्रतिभा सम्मान का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर रविवार को न्यू राजेंद्र नगर स्थित गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी भवन में सतनामी समाज की बैठक हुई, जिसमें 11 अगस्त को राजधानी में आयोजित होने जा रहे कार्यक्रम को अंतिम रूप देकर कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां बांटी गईं। साथ ही प्रचार-प्रसार के लिए निमंत्रण कार्ड का वितरण किया गया।

### अभियंता संघ की बैठक में विद्युत कंपनी के कई मुद्दों पर चर्चा



**रायपुर।** डगनिया स्थित अभियंता संघ के कार्यालय में सोमवार को अभियंता संघ की कार्यकारिणी की बैठक हुई। जहां उपस्थित कार्यकारिणी ने विद्युत कंपनी के विभिन्न मुद्दों पर संज्ञान किया और ओपीएस के मुद्दे पर एक सुर में लागू करने का निर्णय लिया। इसके अलावा टेक्नीकल अलाउंस, इंजीनियर्स के प्रमोशन, पुरानी सीआर पद्धति को लागू करने इत्यादि मुद्दों पर निर्णय लिया गया। एमडी भीम सिंह का स्वागत करते हुए संघ ने सभी पर चर्चा कर जल्द पूरा करने का भरोसा दिया। इसके पूर्व कंपनी के एमडी डिस्ट्रीब्यूशन का स्वागत कार्यकारिणी ने किया।

# पीईटी में 8 प्रतिशत छात्रों को मिले 50 प्रतिशत से अधिक अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा सोमवार को पीपीएचटी अर्थात प्री फॉर्मेसी टेस्ट के परिणामों की घोषणा कर दी गई है। 80.66 प्रतिशत के साथ स्वाति साहू प्रथम स्थान पर रही हैं। इसके पूर्व पिछले सप्ताह व्यापम द्वारा पीईटी और पीपीटी के परिणामों की घोषणा की गई थी।

इन तीनों ही प्रवेश परीक्षाओं में 50 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या अत्यंत कम है। पीईटी में शामिल छात्रों में से सिर्फ 7.78% अभ्यर्थी ही ऐसे हैं, जिन्हें 50 प्रतिशत अथवा उससे अंक मिले हैं। पीपीटी और पीपीएचटी में भी यह आंकड़े विशेष अधिक नहीं हैं। पीपीटी में 1.8% और पीपीएचटी में 1.9% छात्र 50 प्रतिशत अथवा उससे अंक हासिल करने में कामयाब रहे हैं। प्रदेश के इंजीनियरिंग महाविद्यालयों में रिक्त सीटों की स्थिति को देखते हुए बीते कई सत्रों से पीईटी में शून्य अंक लाने वाले छात्रों को भी प्रवेश दिए जा रहे हैं। इसके पूर्व इंजीनियरिंग महाविद्यालयों में दाखिले के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षाओं में कम से कम 10 प्रतिशत अंक हासिल करने अनिवार्य होते थे।

हालांकि इस बार पीईटी में शून्य अंक किसी को भी नहीं मिला है। 10 से कम अंक भी मात्र एक ही छात्र को मिला है। पीईटी में 12 हजार 68 छात्र शामिल हुए थे।

**व्यापम ने सोमवार को जारी किए पीपीएचटी के परिणाम, पीपीटी-पीपीएचटी में मात्र 2% कैंडिडेट्स ने स्कोर किए 50 प्लस**

### 18 हजार ने दिलाई थी परीक्षा, सिर्फ 356 को 50 प्लस

व्यापम द्वारा पीपीएचटी के परीक्षा परिणाम और मेरिट लिस्ट सोमवार को आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। आंकड़ों के मुताबिक, 18 हजार 371 छात्र प्री फॉर्मेसी टेस्टमें शामिल हुए थे। इनमें से मात्र 356 छात्रों को ही 50 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक हासिल हो सके हैं। जो परीक्षा में शामिल छात्रों का 1.9% है। 12 हजार 857 छात्रों को 25% से अधिक अंक मिले हैं। मात्र एक छात्र को शून्य अंक मिले हैं।




■ पीईटी में शून्य अंक किसी को नहीं, लेकिन 12 हजार में से सिर्फ 940 को मिले आधे से अधिक अंक

### पीपीटी में किसी को भी 80 प्रतिशत अंक नहीं

प्री पॉलिटेक्निक टेस्ट के परिणाम भी विशेष उल्लेखनीय नहीं रहे हैं। पीपीटी में एक भी छात्र 80 प्लस स्कोर नहीं कर सका है। प्रथम स्थान पर रहने वाले विद्यार्थी को 78 प्रतिशत अंक मिले हैं। इसी तरह 50 से अधिक अंक लाने वाले छात्रों की संख्या सिर्फ 200 है। 8 हजार 637 छात्रों को 25 प्रतिशत अथवा उससे अधिक नंबर मिले हैं। इसमें भी शून्य अंक हासिल करने वाले छात्र सिर्फ एक ही है। 10 हजार 747 छात्रों ने यह परीक्षा दिलाई थी।

## डिप्टी सीएम अरुण साव बोले- उद्योगों से बात करके करेंगे समस्या का समाधान

# महंगी बिजली के विरोध में स्टील उद्योगों में तालाबंदी, कहा- संचालन संभव नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

प्रदेश के स्टील उद्योगों ने महंगी बिजली का हवाला देते हुए सोमवार की रात से प्रदेशभर के दो सौ से ज्यादा स्टील उद्योगों में तालाबंदी कर दी है। उद्योगपतियों का कहना है, महंगी बिजली से उद्योग चलाना संभव नहीं है। ऐसे में हम उद्योग बंद कर रहे हैं।

इस मामले में जहां उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने यह कहा है कि प्रदेश में दूसरे राज्यों से बिजली की कीमत कम है, वहीं यह भी कहा है कि उद्योगों से बात करके समस्या का हल निकाला जाएगा। नियामक बिजली आयोग के पूर्व सचिव पीएन सिंह ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर स्टील उद्योगों पर भ्रम फैलाने की बात कहते हुए बताया है टैरिफ में बिजली 25 पैसे महंगी की गई है जो चार फीसदी है, जबकि स्टील उद्योग इसको 25 फीसदी बिजली महंगी होने की बात कर रहे हैं। बिजली नियामक आयोग ने जून से बिजली का नया टैरिफ जारी किया है। इसमें सभी वर्गों की बिजली महंगी की गई है। इसके बाद से स्टील उद्योगों ने महंगी बिजली की बात करते हुए मोर्चा खोल दिया है। मुख्यमंत्री से लेकर वित्त मंत्री, उद्योग मंत्री, पॉवर कंपनी के एमडी से स्टील उद्योग मिल चुका है और अपनी मांग सबके सामने रखी है। लेकिन अब तक कोई बात न बनने के कारण उद्योगों ने सोमवार को बैठक करने के बाद सोमवार की रात 12 बजे से उद्योगों में ताला लगाने का फैसला किया है।



### साव बोले- उद्योगों से बात करके समस्या का करेंगे समाधान



प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव ने स्टील उद्योगों के बंद करने के फैसले को लेकर कहा, अपने प्रदेश में बिजली की कीमत वैसे भी दूसरे राज्यों से कम है। इसके बाद भी उद्योगों से बात करके उनकी समस्या का समाधान किया जाएगा। हमारी सरकार उद्योगों को हर तरीके से सुविधा पहुंचाने के लिए कटिबद्ध है।

### मुख्यमंत्री को पत्र- भ्रम फैला रहे महंगी बिजली का

बिजली नियामक आयोग के पूर्व सचिव और छत्तीसगढ़ रिटायर पॉवर इंजीनियर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष पीएन सिंह ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को स्टील उद्योगों पर महंगी बिजली का भ्रम फैलाने का आरोप लगाते हुए बताया है कि 25 फीसदी बिजली महंगी होने की बात स्टील उद्योग कर रहे हैं, जबकि बिजली चार फीसदी महंगी हुई है। लोड फैक्टर में अब भी उद्योगों को 10 फीसदी की छूट है। इसी के साथ पहले ऑफ पीक आवर में 6 घंटे ही बिजली की दर 80 फीसदी लगती थी, उसमें भी दो घंटे का इजाफा किया गया है। जुलाई में जो जून का बिल आया है, उसमें मई का एफपीपीएएस 9.2 फीसदी लगा है। यह जून में कम हो जाएगा, संभव है कि एक फीसदी भी न लगे। अगर प्रदेश सरकार उद्योगों को 50 पैसे प्रति यूनिट की सब्सिडी देगी तो इससे सरकार को 600 करोड़ का भार पड़ेगा। एक रुपए की सब्सिडी पर 12 सौ करोड़ का भार पड़ेगा। राज्य में बिजली आर्पूित की दर 6.92 रुपए इससे कम दर पर बिजली देने का एक्ट में ही प्रावधान नहीं है।

# संस्कार संगीत विद्यालय धनोरा में किया गया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



विकासखण्ड के संस्कार संगीत विद्यालय धनोरा में मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित की। संगीत शिक्षक व डायरेक्टर शन्तानू साहू, शिक्षिका प्रतिमा यादव ने बच्चों को संगीत के साथ साथ संस्कार को हमेशा आगे बढाने के लिए प्रेरित किया। गुरु के बताए मार्ग पर चलने से अच्छे संस्कार की प्राप्ति होती है। उन्होंने सभी बच्चों के माध्यम से आम, पीपल, करन, नीम, बरगद के पौधा रोपण किया। झनक साहू, गिरीराज साहू, वेदप्रकाश, हुलसी निषाद, पूनम कौमार्य, हेमकुमार सिन्हा के निर्देशन पर बच्चों ने अलग अलग पौधारोपण किया। इस अवसर पर गीतांजलि यादव, फलिता यादव, भीखेन्द्र सार्वा, टिकेन्द्र साहू, निखिल साहू, नरेश कुमार, नरेन्द्र कुमार, डामेन्द्र कुमार, मोहनीश, रमेश, पालू राम,गिरेन्द्र साहू, लोचन, हर्ष कुमार, ओमेश, सेजल पटेल, द्वारिका प्रसाद शामिल थे।



## शासकीय विद्यालय कोडिया में हुए विविध कार्यक्रम




**अंडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कोडिया द्वारा एन.ई.पी 2020 के 4 वर्ष पूर्ण होने पर 22 जुलाई से 28 जुलाई तक विविध छात्र उपयोगी गतिविधि कराई गई जिसमें टी.एल.एम के माध्यम से छात्रों को विषय वस्तु पढ़ाना ,टॉपिक संबंधित चार्ट बनाना बताया गया । सांस्कृतिक दिवस में भोजली गीत ,शिव पार्वती नृत्य मंचन एवं छत्तीसगढ़ी में सरस्वती वंदना की प्रस्तुति हुई ।खेल दिवस में गेड़ी , फुगड़ी भंवरा बाटी का आयोजन हुआ ,डिजिटल लिटरेसी के अंतर्गत पंडवानी गायिका पद्म विभूषण डॉक्टर तीजन बाई के जीवनी का प्रदर्शन हुआ साथ ही कारगिल गाथा प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया । उक्त कार्यक्रम शीला चंद्रा एवं डॉ रूपमती साहू द्वारा कराया गया। संस्था के प्राचार्य नीलमणि उजवने एवं समस्त स्टाफ सहित अध्यनरत छात्रों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

# आधुनिकता की दौड़ में मर्यादाओं का हो रहा ह्रास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आधुनिकता की दौड़ में मर्यादाओं का निरंतर ह्रास हो रहा है। बड़ों के प्रति सम्मान का भाव तथा रिश्तो के सम्मान का सर्वथा अभाव दिखाई देता है, इन बातों का हमारे जीवन में परिवार में तथा समाज में गंभीर प्रभाव पड़ता है।



उक्ताशय के विचार महावीर भवन में अपने प्रवचन में संत ऋषभ सागर जी महाराज साहब ने व्यक्त किये, उन्होंने कहा कि आंखों की शर्म और रिश्तो की मर्यादाओं का ध्यान रखा जाना चाहिए। हम अपने पुराने संस्कारों को भूलते जा रहे हैं। आधुनिकता के नाम पर निर्लज्जता बढ़ती जा रही है। अब न वस्त्रें की मर्यादाएं रही और ना रिश्तो की मर्यादाएं दिखती है, पहले परिवार एवं समाज का भय बना रहता था जिससे कि गलत या अनैतिक कार्य करने से बचते थे। अब यह स्थिति कम दिखाई देती है, इन छोटी–छोटी बातों का हमारे जीवन में बहुत गहरा प्रभाव पड़ता है तथा इसके कारण तनाव और अशांति का वातावरण निर्मित होता है।

परिवार में सुख शांति समृद्धि के लिए अपने उन संस्कारों की ओर फिर मुड़ना पड़ेगा, जहां मर्यादाएं थी, सम्मान का भाव था, अनुशासन था उसे पुन स्थापित करना होगा, संस्कार रूपी पटरी से ही जीवन रूपी लक्ष्य तक पहुंचा जा सकता है, संस्कारों से ही व्यक्तित्व बनता है, कोई भी परिवार या समाज कितना भी वैभवशाली हो मर्यादा के गुणों के आभाव में अपना वर्चस्व कायम नही कर सकता।

### गुणी लोगों को हमेशा साथ रखें

हमेशा गुणी लोगों का साथ रखना चाहिए। गुणों का विकास धीरे होता है किंतु अवगुण तेजी से बढ़ता है। अच्छी बातों को सुनकर उसे आचरण में उतारें, परिवार में बड़ो का सम्मान करें, अमर्यादित वस्त्र न पहनें, अमर्यादित चित्र न देखे, अभक्ष्य पदार्थो का उपयोग न करें। संतश्री के माता पिता एवम खैरागढ़ से दर्शन वंदन एवं व्याख्यान श्रवण के लिए श्रावक श्राविकाएं का चौमासा समिति द्वारा बहुमान किया गया।

# चैंबर संविधान पर फैसला दो दिन बाद, 1 अगस्त को दोबारा सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के संविधान पर फैसला लेने सोमवार को दोपहर 12 बजे नवा रायपुर स्थित फर्म्स एवं संस्थाएं कार्यालय में रजिस्ट्रार के समक्ष सुनवाई प्रारंभ हुई। पूर्व चैंबर अध्यक्ष श्रीचंद सुंदरानी, पूर्व विधि-विधायी मंत्री शिव ग्वालानी, पूर्व उपाध्यक्ष वासु जोतवानी की अपील और शिकायत का जवाब देने के लिए रजिस्ट्रार के पास मनमोहन अग्रवाल, जय नैनवानी, उत्तम गोलछा के साथ चैंबर अध्यक्ष अमर पारवानी और चैंबर महामंत्री अजय भसीन तथा चैंबर की तरफ से 4 अधिवक्ता पेश हुए। संविधान पर फैसले को लेकर दोबारा सुनवाई 1 अगस्त को होगी। चैंबर संविधान को लेकर हुई सुनवाई के दौरान अपील के दस्तावेज और संविधान स्टे के दस्तावेज न मिलने की बात कहकर समय मांगा और दस्तावेज भी मांगे। शिकायती पक्षकारों द्वारा दस्तावेज पहले ही दिए जाने की बात कही।

■ नवा रायपुर में रजिस्ट्रार फर्म्स एवं संस्थाएं कार्यालय में रजिस्ट्रार के समक्ष हुई सुनवाई

### मुख्य चुनाव अधिकारी भंसाली ने किया पदभार ग्रहण



छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के मुख्य चुनाव अधिकारी शिवराज भंसाली ने सोमवार को चैंबर कार्यालय पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। साथ ही चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराने निर्वाचन अधिकारी की नियुक्ति की। प्रकाश गोलछा, बालकृष्ण दानी, रमेश गांधी, केसी महेश्वरी, अनिल कुचेरिया, महावीर तालेड़ा, संजय देशमुख तथा एसएम रावते चुनाव कार्यालय सचिव, एचएस कर मुख्य निर्वाचन नियंत्रक बैठक में शामिल रहे। बैठक में चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए चर्चा की गई। बैठक के अंत में पूर्व निर्वाचन अधिकारी स्व. संतोष गोलछा व स्व. रमेश बाबरिया को चुनाव प्रक्रिया में योगदान के लिए याद किया गया। इस आशय की जानकारी मुख्य चुनाव अधिकारी शिवराज भंसाली ने दी।

**एनआरडीए ने फिर सौंपा उसी एजेंसी को ठेका**

# बीआरटीएस बस सेवा के कर्मचारी 6 साल से एक वेतनमान में कर रहे ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रायपुर से नवा रायपुर के बीच तत्पर बीआरटीएस बस सेवा के कर्मचारी न्यूनतन वेतनमान में पिछले 6 साल से सेवा दे रहे हैं। इसके बाद भी कर्मचारियों का वेतन बढ़ाया नहीं गया है। वेतन बढ़ाने को लेकर आरंग क्षेत्र के विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने नवा रायपुर विकास प्राधिकरण (एनआरडीए) को पत्र भी लिख चुके हैं।

इस पत्र के बाद एनआरडीए ने अनुबंध करने वाली एजेंसी साइंस शिक्षण समिति को कर्मचारियों का वेतन बढ़ाने के लिए कोई निर्देश नहीं दिया गया है। इधर सूत्रों से पता चला है कि एनआरडीए ने जिस एजेंसी से बीआरटीएस के कर्मचारी उपलब्ध कराने का अनुबंध किया था, उस एजेंसी का अनुबंध खत्म होने के बाद दोबारा उसी को ठेका दे दिया है। इससे बीआरटीएस के कर्मचारियों में निराशा है।

### 70 कर्मचारी पदस्थ

बीआरटीएस से अनुबंध करने वाली एजेंसी ने केयर कलेक्शन, सिक्यूरिटी गार्ड व हाउस किपिंग मिलाकर करीब 70 कर्मचारियों को पदस्थ किया है। सूत्र के अनुसार इन सभी कर्मचारियों की सैलरी 9 से 10 हजार रुपए बतायी जा रही है। इन कर्मचारियों का वेतन पिछले 6 साल से एजेंसी ने बढ़ाया नहीं है। इसे लेकर कर्मचारियों में नाराजगी व्याप्त है। कुछ कर्मचारियों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि हम लोगों ने मार्च 2024 में इसकी शिकायत आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब से की थी। इसके बाद उन्होंने कर्मचारियों के मांग के समर्थन में एनआरडीए के कार्यपालन अभियंता को पत्र लिखा था, जिसमें उन्होंने कर्मचारियों का उचित न्यूनतम वेतन भुगतान कराने की मांग की थी।

### बसों के कम संचालन के कारण यात्रियों को खड़े होकर करना पड़ रहा सफर

एनआरडीए ने रायपुर से नवा रायपुर के बीच सफर करने वाले यात्रियों को हर आधे घंटे में बस की सुविधा मिले। इसके लिए 30 बसों की खरीदी की थी। अनुबंध भी 30 बसों संचालन को लेकर किया गया है, लेकिन एजेंसी द्वारा 13 बसों के चलाने के कारण न ही यात्रियों को 30 मिनट के अंदर स्टॉपेजों में न ही बस मिल पाती है और न ही बैठने के लिए सीट। इस कारण यात्री भी मजबूरी में समय पर पहुंचने के लिए खड़े होकर सफर करना पड़ रहा है।

### बीआरटीएस की 30 में 13 बसें ही सड़कों पर दौड़ रही

एनआरडीए ने तत्पर बीआरटीएस ने 10 करोड़ से अधिक की राशि खर्च कर 30 एसी बीआरटीएस बसों की खरीदी की थी। इसके लिए नया रायपुर में सुविधायुक्त बस डिपो, वर्कशॉप, इंटेलिजेंट ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम लगाया हुआ है। इन बसों के संचालन के लिए एनआरडीए ने जिस एजेंसी को पूर्व में ठेका दिया है। उस एजेंसी ने कोविड काल से लेकर अनुबंध खत्म होने तक 30 में सिर्फ 13 बसें ही संचालित की थी। इसके कारण रायपुर से नया रायपुर के मध्य यात्रियों को सफर करने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ा था। सूत्र से पता चला है कि एजेंसी का अनुबंध खत्म होने के बाद दोबारा इसका ठेका उसी एजेंसी को दे दिया गया है। इसके कारण एजेंसी मनमाने रूप से अभी भी 13 बसों को ही संचालन सड़कों पर करा रहा है। इसके कारण यात्रियों की परेशानी अभी भी बनी हुई है।

# जिस स्टेशन में एक्सप्रेस का स्टॉपेज नहीं, वहां रोजाना चेन पुलिंग, 24 यात्रियों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ट्रेनों में चेन पुलिंग को रोकने रेलवे बोर्ड ने सभी जोन व मंडल को विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया है। राजधानी में चेन पुलिंग के मामलों को कम करने अब आरपीएफ एक्शन मोड में आ चुकी है। यात्रियों को अपील करने के साथ-साथ अब सीधे कार्रवाई की जा रही है। आरपीएफ कमांडेंट रमन कुमार ने सोमवार को टीम बनाकर ने विभिन्न स्टेशनों में कार्यवाही का आदेश दिया, जिसके बाद टीम ने एक साथ ट्रेनों में बेवजह चेन पुलिंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की। भिलाई पावर हाउस में टीटीई द्वारा यात्रियों का टिकट चेक करने पर पाया गया कि अधिकतर यात्री दुर्ग तक यात्रा करने का टिकट रखे थे, लेकिन ट्रेन में चेन खींच कर उतर गए।



**जहां स्टॉपेज नहीं, वहां चेन पुलिंग अधिक :** अलार्म चेन खींचना पूरे भारत में रेल सेवाओं के देरी से चलने के लिए एक प्रमुख कारण है। किसी भी रेलगाड़ी के असामान्य रूप से रुकने से न केवल उस विशेष रेलगाड़ी की समयबद्धता प्रभावित होती है, बल्कि उसके पीछे चलने वाली सभी रेलगाड़ियों की समयबद्धता भी प्रभावित होती है, साथ ही रेल यात्रियों का बहुमूल्य समय भी बर्बाद होता है। रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा ट्रेन नंबर 18202 नौतनवा-दुर्ग में बिना उचित कारण के चेन खींचने वाले लोगों पर कार्रवाई की गई। ट्रेन थ्रु पास होते ही चेन पुलिंग हॉर्न के कारण रुक गई तुरंत वहां पर मौजूद आरपीएफ के अधिकारी व बल सदस्य हरकत में आ गए।

### कार्रवाई जारी

यात्रियों से है कि वे बिना किसी उचित कारण के छोटी-मोटी वजहों से ट्रेनों में अलार्म चेन खींचने से बचें और इसका सहारा केवल आपातकालीन स्थितियों के दौरान ही लिया जाना चाहिए। लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है, ताकि ट्रेन का परिचालन समय पर हो।

*- रमन कुमार*
*कमांडेंट, आरपीएफ*

# आपसी रंजिश पर युवक का अपहरण कर की हत्या, चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

धरसींवा विधानसभा क्षेत्र से सटे मांढर में मिले युवक की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। हत्या के आरोप में पुलिस ने चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। हत्या की वजह आपसी रंजिश बताई जा रही है। मृतक के खिलाफ पूर्व में धरसींवा में चार आर्म्स एक्ट तथा उरला में डकैती का अपराध दर्ज है। घटना में शामिल तीन बदमाश अब तक फरार हैं। बदमाशों ने युवक को उसके घर से अपहरण कर अपने साथ ले जाकर चाकू से गोदकर हत्या की है।

पुलिस के मुताबिक गिरौद निवासी लिकेश पटेल की हत्या के आरोप में बसंत निषाद, लुकेश्वर पटेल, भूपेन्द्र वर्मा, मनीष सागरवंशी को गिरफ्तार किया गया है। परिजनों ने पुलिस को बताया है कि गांव के रहने वाले मनीष, लुकेश्वर तथा बसंत, लिकेश को घर से जबरन अपने साथ बाइक में बैठाकर ले गए। परिजनों के मुताबिक तीन बाइक में छह से सात बदमाश सवार थे। इसके बाद बदमाशों ने लिकेश की हत्या करने के बाद मांढर के पास एक खेत में फेंक दिया।



### बदमाशों ने कहा- तुम्हारे भाई को चाकू मार दिया

लिकेश की बहन ने पुलिस को बताया है कि उसके भाई की हत्या करने के बाद बदमाशों ने उसके घर के पास आकर उसे उसके भाई को चाकू मारने की बात कही। बदमाश मृतक को जब अपने साथ बाइक पर बैठाकर ले जा रहे थे, तब मृतक की बहन ने बदमाशों से कहा था कि उसके भाई को कुछ नहीं होना चाहिए। पूर्व में भी मारने की कोशिश कर चुके हैं पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक लिकेश तथा हत्या के आरोपी एक ही गांव के हैं और आसपास के रहने वाले हैं। लिकेश का बदमाशों के साथ लंबे अरसे से विवाद चला आ रहा था। पुलिस के अनुसार बदमाश पूर्व में भी लिकेश को मारने की कोशिश कर चुके हैं, लेकिन कामयाब नहीं हुए। इसके बाद बदमाशों ने लिकेश का उसके घर से अपहरण कर हत्या कर उसकी लाश खेत में फेंक दी।

## खबर संक्षेप



### लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिले सांसद बृजमोहन

**रायपुर।** संसद भवन नई दिल्ली में सोमवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने मुलाकात की। इस अवसर पर रायपुर के पूर्व सांसद सुनील सोनी, छत्तीसगढ़ भाजपा संगठन के पदाधिकारी प्रीतेश गांधी, ललित जयसिंह भी मौजूद रहे।

### राज्यपाल को मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं



**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से सोमवार को राजभवन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सौजन्य मुलाकात कर उनके सुदीर्घ और स्वस्थ जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा, राज्यपाल श्री हरिचंदन के मार्गदर्शन में प्रदेश ने प्रगति के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने आशा व्यक्त कि राज्यपाल का स्नेह इसी प्रकार उन्हें और छत्तीसगढ़वासियों को मिलता रहेगा। इस अवसर पर राज्यपाल को मुख्यमंत्री ने पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

### छत्तीसगढ़ महिला आयोग की सदस्यों का कार्यकाल समाप्त



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्यों का कार्यकाल 27 जुलाई 2024 को समाप्त हो गया। सदस्यों को 3 वर्ष पूर्व नियुक्त किया गया था। कार्यकाल समाप्त होने पर सोमवार को विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सदस्य नीता विश्वकर्मा (सरगुजा), अर्चना उपाध्याय (कोरबा) एवं बालो बघेल (बस्तर) को मेमेंटो, श्रीफल व शॉल भेंटकर उन्हें सम्मानित किया गया। 5 सदस्यों की हुई थी नियुक्ति महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक के निर्देश पर सदस्यों कर विदाई समारोह कार्यक्रम आयोग मुख्यालय में किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष डॉ. नायक, आयोग के सदस्य सचिव मनोज कुमार, सहायक संचालिका पुष्पा किरण कुजूर सहित कर्मचारी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री मितान योजना अब होगी मोर संगवारी सेवा

**रायपुर।** पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में शुरू की गई मुख्यमंत्री मितान योजना का नाम सरकार ने बदल दिया है। यह योजना अब मोर संगवारी सेवा के नाम से संचालित होगी। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। योजना में कोई बदलाव नहीं किया गया है। खास बात ये है कि राज्य में भाजपा नेतृत्व वाली सरकार बदलने के बाद से पिछली सरकार के कई आदेश और योजनाओं के नाम बदले जा रहे हैं।

पेज 9 का शेष

### कभी भी गिर सकता...

पड़ रहा है। इन विषयों के शिक्षक नहीं होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। बच्चों को इन विषयों की सही जानकारी भी नहीं मिल पा रही है। ग्राम बिरेतरा के ग्रामीणों ने कलेक्टर को आवेदन सौंपकर शिक्षकों की कमी को दूर करने की मांग की। वहीं, स्कूल में दो अलग-अलग विभाग के पुराने जर्जर भवन को हटाने की मांग की है। गांव के नोमीन, ललेश्वरी साहू, ललिता, केशव राम, कँवल सिंह, कन्हैयालाल, खेमलाल, तिलोक, डोमेन्द्र, चिंताराम, यशपाल, रामकुमार, भगवती, शिवकुमार सहित कई ग्रामीण कलेक्टर को आवेदन सौंपने पहुंचे थे।

**आयोजन :** साहित्यिक संस्था मधुर साहित्य परिषद् ने किया पुस्तक विमोचन एवं सम्मान समारोह का आयोजन

# नीरज को मधुर साहित्य पत्रकारिता गौरव व बद्री प्रसाद को अगासदिया प्रेमचंद मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौडीलोहारा

जिले की साहित्यिक संस्था मधुर साहित्य परिषद् जिला बालोद द्वारा 23वाँ वार्षिकोत्सव पर मधुर साहित्य सम्मान, मधुर साहित्य पत्रकारिता गौरव सम्मान, अगासदिया प्रेमचंद सम्मान, पुस्तक विमोचन एवं साहित्यिक संगोष्ठी का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर डौंडी लोहारा में रविवार को किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध लेखक डॉ.परदेशी राम वर्मा थे, अध्यक्षता संस्था प्रमुख एवं छत्तीसगढ़ राजभाषा जिला समन्वयक डॉ.अशोक आकाश ने की। बी.एल.ठाकुर लोक सेवा आयोग पूर्व अध्यक्ष एवं जी.आर.राणा अनुसुचित जनजाति आयोग पूर्व अध्यक्ष, सुप्रसिद्ध गीतकार गिरवर दास मानिकपुरी, सुप्रसिद्ध लेखक बद्री प्रसाद पारकर एवं डुमन लाल ध्रुव विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ हर्षा देवाँगन की सुमधुर सरस्वती वंदना से किया गया। अतिथि स्वागत पश्चात डॉ.अशोक आकाश द्वारा सम्पादित साझा साहित्यिक पत्रिका अनहद का विमोचन किया गया। इसके साथ ही देवनारायण नगरिहा की नारी विमर्श पर आधारित काव्य संकलन फिर बोल उठी, संतराम सलामे रचित सुमधुर काव्य संकलन निर्झर, सुरता एवं यथार्थ नामक तीन पुस्तकों का विमोचन किया गया। इसके साथ ही पत्रकारिता के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य के लिए नीरज उपाध्याय वरिष्ठ पत्रकार






रायपुर मूल निवास बालोद को मधुर साहित्य पत्रकारिता गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। सुप्रसिद्ध लेखक बद्री प्रसाद पारकर को अगासदिया प्रेमचंद सम्मान, खोजी एवं निर्भीक पत्रकारिता के लिए नगर के पत्रकार पावन देवांगन, शैलेश ओटवानी, राकेश सांखला एवं धीरेन्द्र टाँक को सम्मानित किया गया। देवनारायण नगरिहा एवं संतराम सलामे को श्रेष्ठ साहित्य सृजन के लिए सम्मानित किया गया। विचार गोष्ठी का विषय छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ी विषय पर डॉ.इकबाल खान तन्हा एवं देव जोशी गुलाब को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही प्रावीण्य सूची में स्थान रखने वाले छात्रों का सम्मान किया गया। आभार प्रदर्शन डॉ.अशोक आकाश ने किया। कार्यक्रम में चंद्रमुखी गायकवाड़, पुष्पबाई रावटे,पद्मा देवी गायकवाड, सोमेश्वरी सोनी, नेहा ठाकुर, दीपिका, करिश्मा प्रसाद, मधु, भावना, गीतांजलि निषाद, निकुंज साहू, नीतीश कुमार, प्रियांशु पिस्ता दिलीप बाफना सहित अनेक साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे।

### आपके लेखन से हो किसी का भला

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे छत्तीसगढ़ राज भाषा आयोग जिला समन्वयक डॉ.अशोक आकाश ने कहा कि साहित्यकार मानवीय संवेदनाओं का संवाहक होता है। अपनी लेखनी से समाज में हो रहे बदलाव के प्रति आगाह करते लेखक सदैव जागरुक रहता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.परदेशी राम वर्मा ने कहा कि लेखन ऐसा हो कि आपके लेखन से किसी का भला हो सके। लेखन से कभी किसी लेखक का भला नहीं हुआ। जब कोई कलेक्टर अपनी जिंदगी पर लिखता है तब उसकी जिंदगी पर लिखी किताब पढ़कर हजारों लोग कलेक्टर हो सकते हैं, ये है लेखन का प्रभाव। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि अनुसुचित जन जाति आयोग पूर्व अध्यक्ष जी.आर.राणा तथा पूर्व कलेक्टर एवं लोक सेवा आयोग अध्यक्ष बी.एल.ठाकुर ने भी संबोधित किया।

### कवियों ने काव्यपाठ से बांधा समां

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें मणि शंकर दिवाकर, सुषमा शुक्ला, रोहिणी पटेल, डॉ.रीना कोमरे, डॉ इकबाल खान तन्हा, जसवंत मांडवी, अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा, जितेंद्र कुमार पटेल, पुष्कर सिंह राज डॉ.एस.एल.गंधर्व, संत दिनेंद्र दास, सेवंत देशमुख, गुमान सिंह साहू, विमल किशोर, पितांबर साहू, बुटू राम पूर्णे अजय कुमार चौहान, पंकज देशमुख, लोकेश्वर सिंह निषाद, लालेश्वर साहू अरुणाभ, उदय सिंह कोलियारे, कन्हैयालाल बारले, शमीम अहमद सिद्दीकी, आचार्य जी.आर.महिलांगे, घनश्याम पारकर, संतोष ठाकुर, उमाशंकर साहू, धर्मेन्द्र कुमार श्रवण,कामता प्रसाद देश लहरा धर्मेंद्र श्रवण देव जोशी गुलाब हर्षा देवांगन ने काव्य पाठ किया।

# क्रीड़ा परिसर डौंडी में लगाए गए 250 पौधे

## वन विभाग डौंडी द्वारा किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडी

स्थानीय वनविभाग द्वारा वन महोत्सव 2024 कार्यक्रम क्रीड़ा परिसर डौंडी में आयोजित कर विभिन्न प्रजाति के 250 पौधे रोपित कर महावृक्षारोपण अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष झा ने। वहीं, नपाध्यक्ष सोमेश सोरी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मिथलेश नरेटी भी उपस्थित थे। अतिथियों में नपा उपाध्यक्ष डॉक्टर नायक,राजेंद्र पिंटू जैन, निलेश जायसवाल तथा कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के साथ वनमण्डल अधिकारी भोंडेकर, स्थानीय ब्लाक वन मंडल के समस्त कर्मचारी आदि उपस्थित रहे। मंच संचालन शिक्षक गजेंद्र रावटे ने किया। इस अवसर पर



अतिथियों ने पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि आज सारी दुनिया को पेड़ का महत्व समझ में आ गया है कि पौधा हमे आक्सीजन देता है। पेड़ रहने से अच्छी बारिश होती है,कई पेड़ों से औषधि प्राप्त होती है। फलदार पौधों से विभिन्न पौष्टिक फल मिलते है।पर्यावरण का अर्थ संपूर्ण प्राकृतिक परिवेश से है जिसमे हम रहते है।इसमें हमारे चारों ओर के सभी जीवित निर्जीव तत्व शामिल होते है जैसे कि हवा, पानी, मिट्टी,पेड़ पौधे,जानवर और अन्य जीव जंतु पर्यावरण के घटक परस्पर एक दूसरे के साथ जुड़कर एक समग्र पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करते हैं। मानव जीवन के साथ सभी के लिए पेड़ अति आवश्यक है।

### पेड़-पौधों की कटाई रोकने मिलकर काम करने की जरूरत

पेड़ पौधों की अंधाधुंध कटाई को वनविभाग के साथ मिलकर अपनी जिम्मेदारी से हम सबको रोकने की आवश्यकता है। अतिथियों ने एक पेड़ मां के नाम तहत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के लिए वन विभाग को साधुवाद देते हुए कहा कि हम सभी को प्रत्येक स्थलों में प्रति वर्ष वृहद वृक्षारोपण कर पौधा संरक्षण का जिम्मा उठाना है और पर्यावरण संतुलन बनाए रखना है। कार्यक्रम में पधारे निलेश जायसवाल का आज जन्मदिन होने पर अतिथियों द्वारा उन्हें मुंह मीठा कराकर बधाई दी गई। वही वन अधिकारी भोंडेकर द्वारा काजू पौधा भेंटकर रोपित करने सम्मानित किया गया।

# शासकीय विद्यालय घीना में मनाया गया शिक्षा सप्ताह



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

ग्राम घीना में शिक्षा सप्ताह दिवस का आयोजन किया गया। स्थानीय समुदाय, जनप्रतिनिधि पालक, शाला विकास प्रबंधन समिति, पीटीए, पंचायती राज संस्थाओं से मिलकर अधिकतम भागी दारी जुटना तथा न्योता भोज का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

स्थानीय समुदाय के समक्ष शाला त्यागी बच्चों को विद्यालय से जोड़ना तथा अप्रवेशी बच्चों को प्रवेश दिलाना तथा अनुपस्थित बच्चों को उपस्थित कराने संबंधी विचार प्राचार्य एमएल ठाकुर ने रखे। व्याख्याता एलके तारेंद्र ने शिक्षा नीति के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। पालक गोविंद रावटे ने प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घीना के बच्चों को न्योता भोज कराया। इसके तहत हलवा पूड़ी, खीर सेब, केला दिया गया। सप्ताह के पूरे संचालित कार्यक्रम का संक्षिप्त जानकारी उपस्थित जन समूह के समक्ष व्याख्याता टीएस लाउरिया ने दी।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष भाजपा टिनेश्वर बघेल, पूर्व शाला विकास समिति अध्यक्ष नरेंद्र निषाद, समाज सेवी डालचंद जैन तथा प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के अध्यक्ष लगन तारम तथा बिंझवार तारम और सुरेंद्र यादव को प्राचार्य एमएल ठाकुर ने आभार प्रदर्शन किया।

# ग्राम घोटिया में लगाए गए पौधे



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

वन विभाग घोटिया द्वारा वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें एक पौधा माँ के नाम से पौधारोपण किया गया। वन विभाग के कर्मचारियों के साथ ग्रामीण, सेजेस हिंदी माध्यम विद्यालय एवं सरस्वती शिशु मंदिर घोटिया के छात्र–छात्राओं ने पौधारोपण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नंदूराम बघेल ने कहा कि वनों की रक्षा करना हम सभी का दायित्व है। वनों की कमी के कारण आज जल स्तर गिरता जा रहा है। भोजराम साहू ने कहा कि पौधों का संरक्षण भी करना है। पौधों की अवैध कटाई नहीं होना चाहिए। ममता मंडावी सरपंच घोटिया ने कहा कि जन्मदिन पर पौधारोपण अवश्य करें। सहायक वन अधिकारी दल्लीराजहरा अजय आष्टीकर ने कार्यक्रम का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में वन विभाग से मैहर सिंह, रोमन ठाकुर रोहित, महेश सुशील मनीष, एनके, रामदास वैष्णव, पार्थ, रेणु, चौतराम, हेम राम हिमांशु, भुनेश्वर, अजय साहू, गजेन्द्र रावटे एवं सेजेस विद्यालय घोटिया से इको क्लब प्रभारी शिक्षक नरोत्तम यदु, वाई सुधाकर, वाई देवांगन, एस ठाकुर व युधिष्ठिर साहू आचार्य सरस्वती शिशु मंदिर घोटिया सहित छात्र–छात्राएँ उपस्थित थे।

■ वन महोत्सव के तहत किया गया एक पौधा मां के नाम अभियान का आयोजन

# संघ के कार्यक्रमों में शामिल हो सकेंगे शासकीय कर्मचारी, लोगों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जामगांव आर

भारत सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के संघ के कार्यक्रमों में शामिल होने पर लगे प्रतिबंध को हटा दिया है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक पर 58 साल पहले लगाए गए इस को प्रतिबंध को केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा हटाए जाने का लोगों ने स्वागत किया है।

■ भारत सरकार ने हटाया 58 साल पहले लगा प्रतिबंध

लोगों ने समवेत स्वर में कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ विश्व स्तर पर उत्कृष्ट समाज सेवी संगठन है। इसके स्वयंसेवकों ने देश की सेवा करने के अवसर पर सभी सरकारों का सहयोग करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ा।

### पीएम ने निभाया महति कर्तव्य : लालेश्वर

भारतीय जनता पार्टी जामगांव आर मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू



ने कहा कि आरएसएस अनुशासन, देश प्रेम, संस्कार और देश भक्ति सिखाता है, जो हर नागरिक में होना चाहिए। चाहे वह आम नागरिक हो या कर्मचारी हो। 1925 में पैदा हुए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने कांग्रेस सरकार के समय जब देश में विपदा के अवसर पर दिखे तो कदम में कदम मिलाकर बढ़ चढ़कर पीड़ित लोगों की सेवा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस संगठन पर 58 साल से लगे प्रतिबंध को हटाकर अपना महान कर्तव्य निभाया है।

### आरएसएस प्रतिबंध नहीं, सम्मान का हकदार : प्रमोद

भखारा राल जैन समाज के युवा



समाजसेवी प्रमोद जैन ने कहा कि देश हित में अच्छे कार्य करने वाले वाले निस्वार्थ समाज सेवा संगठन पर प्रतिबंध सुनने में आश्चर्य लगता है। यह संगठन अनुशासन की मिसाल पेश करता है। जब पथसंचलन होता है, तब एक लाख स्वयं सेवकों को कंट्रोल करने के लिए 1 पुलिस की आवश्यकता नहीं होती है। स्व अनुशासन और समर्पण की कला सिखाने वाला यह आरएसएस प्रतिबंध नहीं, सम्मान का हकदार है।

### देश भक्त बनाने वाला है यह संगठन : कामता

समाजसेवी कामता प्रसाद साहू ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ



देश के नागरिकों में देश प्रेम की धारा प्रवाहित करने के लिए, लोगों को स्वस्थ व अच्छे विचारवान बनाने के लिए शाखा लगाता है। शाखा में बौद्धिक खेल व्यायाम शारीरिक तंदुरुस्ती के लिए प्रशिक्षण, आपस में प्रेम भाई चारा का सूत्रपात करता है। इससे भारत माता को अपने संतानों से संस्कार और रक्षा की प्रतिबद्धता मिलती है। कर्मचारियों के शाखा में शामिल होने से सरकारी काम में भी कसावट आएगी।

### प्रशासनिक कार्यों में आएगी कसावट : लालजी

पूर्व सरपंच लालजी डहरे ने कहा कि आरएसएस से केंद्र सरकार



द्वारा प्रतिबंध हटाना कंठ मुक्त सराहनीय है। आरएसएस की शाखाओं में स्वेच्छा से कर्मचारियों के शामिल होने से शारीरिक मानसिक व संस्कारिक चुस्ती बढ़ेगी। इससे प्रशासन के कार्यों में कसावट आएगी और आम जनता को इसका लाभ मिलेगा। अनुशासन प्रिय कर्मचारी देश और आमजनता के हित में है।

### समाज के लिए काम करता है आरएसएस : शैलेंद्री

पूर्व सरपंच शैलेंद्री मंडावी एवं किसान नेता भगवान सिंह चंद्राकर



ने कहा कि आरएसएस देश भक्त सामाजिक संगठन है। इनके सारे काम समाज के सहयोग से समाज के द्वारा संचालित होते हैं। यह समर्पित लोगों की समर्पित सेवा के कारण उत्कृष्ट कार्य बड़े दम खम से करता है। इनके कार्यक्रमों में स्वयं सेवक स्व स्फूर्त अपने खर्च और साधनों से पहुंचकर अनुशासित क्रम में शामिल होते हैं। इस संगठन में जुड़ने वाले बड़ा गर्व महसूस करते हैं।

### मो. रफी की पुण्यतिथि पर कल सजेगी सुरों की महफिल

**रायपुर।** महान पार्श्व गायक मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि के अवसर पर सुरमयी संगीत संध्या का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम स्वर सप्तक संस्था द्वारा शहीद स्मारक भवन में 31 जुलाई को शाम 7.30 बजे प्रस्तुत किया जाएगा।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र–छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस,ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बलोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

**खबर संक्षेप**



### पंचायत सचिव संघ ने दिवंगत परिवार को दी सहयोग राशि

**गुरूर।** पंचायत सचिव संघ ब्लॉक इकाई गुरुर ने स्वर्गीय योगेश्वर भारद्वाज के दशगात्र कार्यक्रम में पहुंचकर पंचायत सचिव परिवार की ओर से स्वर्गीय योगेश्वर भारद्वाज के परिजनों को 30000 आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से पंचायत सचिव संघ के ब्लॉक अध्यक्ष पन्नालाल सिन्हा, चंद्रहास पटेल, गोपाल राम सिन्हा, कामता प्रसाद देवांगन, पुरुषोत्तम सोनभद्र, बेनूराम गुरबाणी, उदय राम साहू, त्रिलोक पटेल, मदन लाल कोवद्यची, सालिक राम सोरी, धनवाराम श्रवण, मनीष मंडावी, धर्मेश मांडवी उपस्थित थे।

### आज पाटेश्वर धाम में भक्तों से भेंट करेंगे संत श्री राम बालक दास

**डौंडीलोहारा।** जामड़ी पाटेश्वर आश्रम कौशल्या धाम के संचालक संत श्री राम बालक दास जी का



दौरा कार्यक्रम जारी किया गया। मिली जानकारी के अनुसार वे 31 जुलाई पाटेश्वर धाम में भक्तों से दर्शन मुलाकात करेंगे। 1 अगस्त सिंघानपुरी में गृह प्रवेश कार्यक्रम में प्रवचन, 5 अगस्त कवर्धा जिला के कुई से कामठी तक भव्य कांवड़ यात्रा में शामिल होंगे। 8 अगस्त श्री पाटेश्वर धाम गौशाला में भव्य गो भंडारा कार्यक्रम, 10 अगस्त से उड़ीसा प्रवास, 12 अगस्त को कवर्धा में भव्य पालकी यात्रा, महाकाल सवारी कार्यक्रम में भस्म आरती में शामिल होंगे। 13 अगस्त को मुंगेली भागवत कथा में उद्बोधन देंगे। वहीं, 17 अगस्त रायपुर में समस्त गौशालाओं के साथ बैठक, 18 अगस्त को बारारमुंडी तहसील छुरिया में भव्य रुद्राभिषेक एवं कांवड़ यात्रा में शामिल होंगे। 20 अगस्त को नई दिल्ली में आयोजित धर्म संसद कार्यक्रम में होंगे शामिल। 31 अगस्त को प्रदेश स्तरीय मां कौशल्या धाम का राजनांदगांव में अधिवेशन होगा।

### शिकसा के कलाकारों ने बारिश में भीगे गीतों की दी प्रस्तुति



**अंडा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ ने कला, संस्कृति व आध्यात्म के संवर्धन व स्मरण करने सावन माह में कार्यक्रम आया सावन झूम के भाग 02 का आयोजन किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन आस के संयोजन कार्यक्रम प्रभारी विजय कुमार प्रधान की उपस्थिति व टीकाराम सारथी हसमुख प्राचार्य चुरतेली की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में चन्द्र कुमार चन्द्रा, अर्चना ढोबले, हेमराज निषाद, भीखम लाल देवांगन, रामकुमार पटेल, मोहित कुमार शर्मा, कामती ठाकुर, शकुन्तला सहंश, अनामिका चक्रवर्ती, संगीता शोरी, डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, सुजीत कुमार श्रीवास्तव, वृंदा पंचभाई, सुनीता चौधरी, पुष्पांजलि ठाकुर, दिलीप श्रीवास, राजीव गुप्ता, पवित्रा गुप्ता, सुमन लता साहू, रेखा पात्रे, ओ.पी. कौशिक रतनपुरिहा, हरमन कुमार बघेल, उषा भट्ट, सविता जायसवाल आदि ने गीत कविता प्रस्तुत कर कार्यक्रम को भक्तिमय बनाया। कार्यक्रम का सफल संचालन उषा भट्ट व आभार प्रर्दशन डॉ.शिवनारायण देवांगन आस ने किया।

कार्रवाई : बिहार में डेरा डाले बैठी जिले की पुलिस टीम को मिली बड़ी सफलता

# प्रतिबंधित दवाओं की खरीदी-बिक्री के लिए कागजों में बनाई कंपनी, मुख्य तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- दो माह पहले पड़कीभाट बायपास पर बड़ी मात्रा में मिली थी प्रतिबंधित दवाएं





नशीली दवाई अल्प्राजोलम, ट्रामाडोल नशीली गोलियों के फार्मा कंपनी के मुख्य तस्कर ड्रग लाइसेंसी को बालोद पुलिस ने पटना बिहार से गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से बैंक खाता का एटीएम कार्ड, ड्रग लाइसेंस, इनवॉइसनम, मोबाइल को जब्त किया गया। पूर्व में भी इसी प्रकरण में 02 आरोपी बालोद निवासी विश्वपति गोराई, धर्मेंद्र यादव को नशीली गोली की तस्करी में जेल भेजा जा चुका है।

मुख्य आरोपी की तलाशी और गिरफ्तारी के लिए बालोद पुलिस की विशेष टीम ने कई दिनों तक बिहार में ही डेरा डाल रखा था। इस दौरान बड़ी मशक्कत के बाद आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा। वहीं, जांच के दौरान पता चला कि आरोपी ने प्रतिबंधित दवाइयों की खरीदी-बिक्री के लिए ही कंपनी बनाई थी, जो कागजों में ही संचालित थी और उसका वास्तविक रूप से कोई अस्तित्व नहीं था।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 29 मई 2024 को ग्राम पड़कीभाठ बायपास रोड पर तांदुला नदी पुल पर बालोद निवासी विश्वपति गोराई तथा धर्मेन्द्र यादव को मोटर सायकल में रखे दो सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में भरे अल्प्राजोलम टेबलेट 12 पैकेट, अल्प्राजोलम टेबलेट 07 पैकेट, ट्रामाडोलम कैप्सूल 21 पैकेट तथा ट्रामाडोलम कैप्सूल 72 पैकेट मिला। इनकी मौके पर तौल कराने पर मादक पदार्थ नशीली टेबलेट एवं कैप्सूल का कुल वजन 10.718 किलो ग्राम निकला, जिसे जब्त किया गया था। दोनों आरोपियों विश्वपति गोराई एवं धर्मेन्द्र यादव के विरूद्ध थाना बालोद में धारा 22 (सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफतार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया था।

उक्त प्रकरण की विवेचना में नशीली दवाई के मुख्य सप्लायर के संबंध में जानकारी मिली। इस पर एक स्मॉल टीम बिहार जाने के लिए बनाई गई। एसडीओपी बालोद देवांश सिंह राठौर के नेतृत्व में निरीक्षक रविशंकर पाण्डेय, सउनि धरम भुआर्य, आरक्षक भोप सिंह साहू, आरक्षक पूरन देवांगन को बिहार रवाना किया गया था। टीम द्वारा प्रकरण के मुख्य आरोपी राजीव कुमार के फार्मा के संबंध में जानकारी प्राप्त कर थाना पाटलिपुत्र, थाना कदमकुवां, थाना पीरबाहोर क्षेत्र में लगातार रेकी कर लोकल वेशभूषा में कई मेडिकल फार्मा में जाकर घनी आबादी में त्रिशूल फार्मा को ढूंढ कर उसे चिन्हांकित किया गया। लेकिन फार्मा का दुकान बंद होने से आरोपी की जानकारी नहीं मिल पा रही थी। तकनीकी आधार पर आरोपी राजीव कुमार के घर की पतासाजी के लिए उस क्षेत्र में टीम ने कैंप किया। वहीं, टीम द्वारा घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया।

आरोपी राजीव कुमार ने पूछताछ के दौरान बताया कि उसने त्रिशूल फार्मा नाम से एक मेडिकल फर्म पटना से 120 किलो मीटर दूर नवादा (बिहार) में जाकर खोला था, ताकि नशीली दवाई की खरीदी बिक्री कर सके। टीम द्वारा नवादा जाकर फर्म की तलाशी लेने पर फर्म में किसी भी प्रकार का दवाई, ड्रग लाइसेंस या उससे संबंधित दस्तावेज नहीं मिला। पूछताछ में यह तथ्य सामने आया कि त्रिशूल फार्मा का उपयोग सिर्फ प्रतिबंधित दवाई कम्पनी से खरीदने के लिए करता था। चूंकि फार्मा केवल कागजातों में था वास्तविक रूप से संचालित नहीं हो रही थी, जिससे आरोपी आश्वस्त था कि कभी उसके फर्म में रेड कार्रवाई होने से कोई पकड़ाएगा नहीं। आरोपी राजीव कुमार से प्रकरण के आरोपी विश्वपति गोराई बालोद निवासी ने त्रिशूल फार्मा नवादा (बिहार) के नाम से करीबन 6 लाख की प्रतिबंधित दवाई मंगवाई थी।

गिरफ्तार आरोपी

राजीव कुमार पिता प्रहलाद प्रसाद उम्र 43 पता फ्लैट 301 विश्राम अपार्टमेंट पाटलिपुत्र कॉलोनी थाना कृष्णा पूरी जिला पटना बिहार स्थाई पता दरियापुरी गोला धोबी गली थाना कडमकुंवा जिला पटना बिहार को जेल भेजा गया है।

## भाजपा विस्तृत मंडल कार्यसमिति की बैठक में कई विषयों पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

भारतीय जनता पार्टी विस्तृत मंडल कार्यसमिति बैठक डौंडी मंडल में हुई। बैठक में कई विषयों पर विचार विमर्श किया गया।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष पवन साहू पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कृष्णकांत पवार पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बालोद वरिष्ठ नेता यज्ञदत्त शर्मा महामंत्री चेमन देशमुख प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर जिला उपाध्यक्ष अनिता कुमेटी अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र महला डौंडी मण्डल अध्यक्ष मनीष झा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू नगर पंचायत अध्यक्ष डौंडी सोमेश सोरी नगर पंचायत अध्यक्ष चिखलाकसा भीखी मशिया पूर्व जिला उपाध्यक्ष सोमेश साहू युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष आदित्य पिपरे अनुसूचति जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष शुभ सिंह कुरेटी पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष जितेंद्र साहू डौंडी मंडल महामंत्री अजय चौहान टिकेंद्र साहू पूर्व जिला मंत्री राधिका भारद्वाज नगर पंचायत उपाध्यक्ष रूपेश नायक पूर्व मंडल अध्यक्ष रामकिशुन सोरी युवा मोर्चा जिलाउपाध्यक्ष संजय साहू एकांत पवार भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष संजीव मानकर अनिल खोबरागड़े भरत पटेल शशिकांत निषाद योगेंद्र सिन्हा पुष्पजीत बैस सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कनेरी स्कूल में किया गया पौधारोपण

**गुरूर।** मिडिल स्कूल कनेरी में बच्चों मे विभिन्न कौशल विकास के उद्देश्य से शिक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। शाला के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं गीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत विद्यालय में पौधा रोपण तथा न्योता भोज कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनार्दन सिन्हा थे, अध्यक्षता जयंती सिन्हा ने की। विषेश अतिथि हीरालाल यादव, दामिनी सिन्हा, ज्योति साहू, सीता निर्मलकर, लक्ष्मी साहू, रोशन सिन्हा, झणिता साहू, कमलेश ठाकुर, डोमेन लाल साहू, संकुल समन्वयक केके साहू, एस निर्मलकर, एनके निषाद, सीके साहू, डीके साहू, आई साहू, बीपी ठाकुर, नारायणी पटेल, विभा पटेल उपस्थित थे।

ग्रीष्मकालीन धान के बदले ली दलहन एवं तिलहन की फसल

## फसल परिवर्तन से किसानों को मिली अतिरिक्त आमदनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



कृषि विभाग गुरुर द्वारा ग्रीष्मकाल में क्षेत्र के किसानों को पानी की समस्या को देखते हुए ग्रीष्मकालीन धान के बदले दलहन एवं तिलहन फसल लगाने के लिए कृषकों को प्रोत्साहित किया गया था।

जहां विकासखंड गुरुर में ग्रीष्म ऋतु में किसानों द्वारा लगभग 450 हेक्टेयर में खरीफ की धान फसल एवं रबी की चना एवं गेंहू फसल काटने की पश्चात तीसरी अन्य फसल के रूप में उड़द, मूंग की फसल लगाई गई, जो कि कृषकों की अतिरिक्त आय का जरिया बना, इससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई। कृषि विभाग के मार्गदर्शन में ग्राम धनेली के किसान अश्वनी साहू, कोमल साहू, कमलेश्वर साहू, ललित साहू, अमृत साहू, सालिक साहू व अन्य किसानो द्वारा ग्रीष्म में पानी की समस्या को देखते हुए धान की फसल नहीं लगाते हुए तीसरी फसल के रूप में उड़द की फसल ली थी, जो कि अन्य कृषकों के लिए भी प्रेरणा श्रोत बन गया है, किसान अश्वनी साहू द्वारा बताया गया कि उड़द फसल प्रति हेक्टेयर 18 क्विंटल उत्पादन लिया गया है। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सीएल ठाकुर ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा किसानों को लगातार ग्रीष्मकालीन धान फसल की जगह चना गेंहू की फसल लेने की सलाह देती जा रही है, उन्होंने बताया कि किसान खरीफ फसल धान की फसल काटने के पश्चात चना, गेहूं की फसल लेने के पश्चात तीसरी फसल के रूप में उड़द व मूंग की फसल ले सकते हैं, जिसमें पानी की बचत होने के साथ ही किसानों को अतिरिक्त मुनाफा मिल जाता है।

## आत्मानंद स्कूल में कारगिल के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

कारगिल विजय दिवस पर सैनिकों की शहादत को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बालोद में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। प्रतिवर्ष कारगिल युद्ध के नायकों के सम्मान में 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है।कारगिल विजय के 25 वर्ष पूर्ण होने पर इस रजत जयंती को श्रद्धा और सादगी से मनाते हुए वीर अमर बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी गई।

संस्था के एनसीसी कैडेटों, स्काउट गाइड और अन्य छात्रों को कारगिल विजय पर वृतचित्र दिखाई गई। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य अरुण कुमार साहू ने कहा कि यह दिन उन सैनिकों की बहादुरी को समर्पित है, जिन्होंने भारत को जीत दिलाई थी। साथ ही यह उन शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने का भी दिन है, जिन्होंने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे।

प्राचार्य ने कहा कि आज का दिन इतिहास के पन्नों पर गौरव का दिन रहा है, वो दिन है जब भारतीय सेना ने पाकिस्तानी फौज को धूल चटा दी थी। 26 जुलाई 1999 के दिन हमारे जवानों ने करीब दो माह से भी अधिक दिनों तक चले इस कारगिल युद्ध में जीत का परचम लहराकर ऑपरेशन विजय को सफल अंजाम दिया। यह दिन न केवल हमारे सैनिक की बहादुरी और बलिदान की कहानी कहता है, बल्कि यह हमारे देश की एकता को प्रतिबिंबित करता है। कारगिल विजय दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हमारे सैनिक हर परिस्थिति में देश की रक्षा के लिए तैयार रहते हैं और हमें उन पर गर्व होना चाहिए।

### भारत ने पाकिस्तान को दी थी करारी मात

व्याख्याता एसएन दुबे संचालन करते हुए कहा कि भारत सरकार द्वारा ऑपरेशन विजय के नाम से चले इस अभियान में 2 लाख सैनिकों को युद्ध क्षेत्र में भेजा गया था। यह युद्ध अधिकारिक तौर पर 26 जुलाई 1999 को समाप्त हुआ, इस युद्ध के दौरान 527 सैनिक वीरगति को प्राप्त हुए थे। करीब 1400 घायल हुए। भारत ने पाकिस्तान के साथ हुए हर युद्ध में उसे करारी मात दी। व्याख्याता और स्काउट गाइड प्रभारी नेमसिंह साहू बताया कि हर भारतीय के लिए कारगिल विजय दिवस बहुत ही गर्व की बात है। व्याख्याता और एनसीसी प्रभारी आर के सार्वा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों को अपने इतिहास को जानने का अवसर मिलता है।

### आज इन स्थानों पर लगाए जाएंगे जन समस्या निवारण शिविर

**बालोद।** राज्य शासन के निर्देशानुसार निगम प्रशासन द्वारा आम जनता के मांगों एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने हेतु जिला मुख्यालय बालोद सहित नगरीय निकायों में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत 31 जुलाई को जिला मुख्यालय बालोद के वार्ड क्रमांक 06 महावीर वार्ड एवं 07 गुरू घासीदास वार्ड हेतु दन्तेश्वरी रंगमंच पाण्डेपारा, नगर पालिका दल्लीराजहरा के वार्ड क्रमांक 08 एवं 09 हेतु वार्ड क्रमांक 09 दुर्गा मंच के पास, डौण्डी नगर पंचायत में वार्ड क्रमांक 09, 10, 11 में वार्ड क्रमांक 10 जवाहर पारा रंगमंच में, नगर पंचायत अर्जुंदा में वार्ड क्रमांक 06 एवं 07 हेतु मंगल भवन वार्ड क्रमांक 05 में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जनसमस्या निवारण शिविर में आम जनता के समस्याओं से अवगत होने एवं शासन के विभिन्न कार्यक्रमों का आंकलन किया जाएगा। शिविर में नल कनेक्शन, राशन कार्ड, राष्ट्रीय परिवार सहायता, वृद्धापेंशन, सामाजिक सुरक्षा, जन्म–मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन अनुज्ञा, अनापत्ति प्रमाण पत्र, नामांतरण, स्वरोजगार के प्रकरण, तथा नल लिकेज, नलों में पानी का ना आना, नालियों, गलियों की सफाई, सार्वजनिक नलों के प्लेटफार्म से पानी का बहना, कचरे की सफाई, टूटी–फूटी नालियों का मरम्मत, स्ट्रीट लाईट जैसे समस्याओं का निराकरण मौके पर किया जाएगा। शिविर में करदाताओं से करों की भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा।

## किल्लेकोड़ा स्कूल में हुईं विविध गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा





शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किल्लेकोडा में 22 से 28 जुलाई तक विद्यालय स्तर पर विभिन्न गतिविधियां अजय मुखर्जी प्राचार्य के संरक्षण वायएस मरकाम के मार्गदर्शन में हुआ। प्रथम दिवस गुरु पूर्णिमा समारोह का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने गुरू की महिमा का बखान किया। दूसरे दिन बच्चों ने गृह कार्य, स्वास्थ्य परीक्षण व पालकों को पुस्तक पठन करने संबंधी कार्य किए। तृतीय दिवस खेल दिवस का आयोजन जिसके अंतर्गत कुर्सी दौड़ जिसमें बालक वर्ग में हिमांशु प्रथम दसवीं तथा निलेश कुमार नवमी द्वितीय स्थान पर रहे। बालिका ग्रुप में साक्षी 11वीं प्रथम और यमुना नवमी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, 100 मीटर दौड़. में रोमन 11वीं प्रथम ,आकाश 11वीं द्वितीय स्थान पर रहे। 200 मीटर की दौड़ में साक्षी 11वीं प्रथम, पूजा 11वीं द्वितीय स्थान पर रही।रस्साकशी बालिका वर्ग में यशस्वी ग्रुप 11वीं प्रथम तथा बालक वर्ग में तामेश्वर 11 वीं प्रथम स्थान पर रहे। 25 जुलाई को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने आकर्षक प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम का कोरियोग्राफी शिक्षिका त्रिजला ठाकुर ने की। इसी प्रकार 26 जुलाई को ग्लोबल वार्मिंग के अंतर्गत साइंस कबाड़ से जुगाड़, साइंस मॉडल प्रोजेक्ट, सौरमंडल की जानकारी ,लकड़ी से पेपर निर्माण की प्रक्रिया, डायनासोर का अंत ,मानव इतिहास की प्रक्रिया ,पृथ्वी का जन्म कैसा हुआ, तथा धरती पर जीवन की शुरुआत किस प्रकार से हुई इसकी जानकारी दी गई।

27 जुलाई को कारगिल विजय दिवस पर छात्र-छात्राओं ने रैली निकाली। 28 जुलाई को स्वच्छता अभियान चलाकर स्कूल प्रांगण, महात्मा गांधी चौक, पंचायत भवन, तालाब आदि की सफाई स्काउट गाइड और रेडक्रॉस के छात्र-छात्राओं द्वारा की गई।

### बगईकोन्हा टी में प्रधानपाठक ने बच्चों को कराया न्योता भोज



**डौंडीलोहारा।** शासकीय प्राथमिक शाला बगईकोन्हा टी में शिक्षा सप्ताह के अंतिम दिन शाला में न्योता भोज का आयोजन किया गया। शाला के प्रधान पाठक महेश कुमार जगनायक ने अपने जन्मदिन पर बच्चों को खीर पूड़ी व केला खिलाया। साथ ही साथ शाला में कक्षा दूसरी के छात्र पंकज कुमार का जन्मदिन मनाया गया। शिक्षण सप्ताह में प्रथम दिवस से लेकर सातवें दिन तक शासन के मंशानुरूप विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित किया गया। शाला के प्रधान पाठक महेश कुमार जगनायक ने एनईपी व एफएलएन तथा नई शिक्षा नीति के चार वर्ष पूर्ण होने के बारे में बताया। इसके साथ ही शासन की योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई तथा शाला में तड़ित चालक भी लगवाया गया। आभार प्रदर्शन कुंवर सिंह चनाप ने किया।

## गांधी भवन में लगा शिविर



**बालोद।** राज्य के नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव के आह्वान पर प्रदेश के सभी निकाय क्षेत्रों में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में बालोद नगर पालिका अंतर्गत वार्ड क्रमांक 04 एवं 05 के लिए गांधी भवन में शिविर लगाया गया।

जहां वार्ड के विभिन्न समस्याओं को लेकर विभिन्न समस्याओं जैसे बुधवारी बाजार व्यवस्थापन बाजार क्षेत्र में वाटर एटीएम स्थापना, बाजार के सड़कों को टॉप कोड या मरम्मत संधारण कर सड़कों पर हुए बड़े-बड़े गड्ढों से लोगों को निजात दिलाने, बाजार क्षेत्र में लगे हाई मास्ट सोलर लाइट में बन्द लाइट को ठीक करवाने की मांग की गई। इसी तरह बुधवार और रविवार के दिन बाजार क्षेत्र में सब्जी बेचने वालों द्वारा सड़े गले अवशेष को डालने के लिए किसी निश्चित स्थान पर दो कचरा गाड़ी खड़ा करने, नवनिर्मित गांधी भवन मंच में स्टील रेलिंग कार्य करवाने की मांग की गई है, ताकि मवेशियों द्वारा वहां की जाने वाले गंदगी से छुटकारा मिल सके। इसके साथ ही वार्ड 04 एवं 05 की नालियों की नियमित साफ सफाई करने, व्यायाम शाला परिसर में सार्वजनिक प्रसाधन कक्ष की साफ सफाई एवं सब्जी मंडी के निकट बने सुलभ शौचालय को अतिशीघ्र प्रारम्भ करवाने, बाजार क्षेत्र में प्रकाश की सुव्यवस्था जैसे ज्वलन्त मुद्दों पर जनसमस्या निवारण शिविर में आवेदन दिया गया।

इस अवसर पर पार्षद कमलेश सोनी, पूर्व एल्डरमेन विनोद जैन, पूर्व पार्षद दीपक देवांगन, शेखर यादव, हरीश दुबे, प्रमोद साहू उपस्थित थे।

तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
14 अक्टूबर से 19 अक्टूबर 2024 तक, 28 जनवरी से 02 फरवरी 2025
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411

स्वामी जी 93406-38884
केदारनाथ में घोड़े खच्चर, पालकी व हेलीकॉप्टर की सुविधा दिलवाने में मदद करायेंगे।
By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
श्री हरिद्वार, हरकी पौड़ी, ऋषिकेश, श्री उत्तरकाशी, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ,
यात्रा दिनांक
9 सितंबर 2024
25 सितंबर 2024
03 अक्टूबर 2024
15 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-21,500/-, 3AC-29,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)